भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 16.09.2022

आरेडिका में शपथ के साथ "स्वच्छता पखवाड़ा–2022" की शुरूआत

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में दिनांक 16.09.2022 से 02.10.2022 तक "स्वच्छता पखवाड़ा–2022" का आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत दिनांक 16.09.2022 को महाप्रबंधक श्री एस.एस.कलसी के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम को अधिक प्रभावी बनाने के लिए शपथ ग्रहण कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर आरेडिका के सभी वरिष्ठ विभागाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष तथा अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं सफाई कर्मचारियों ने अपने–अपने कार्य स्थल पर शपथ ली।

आवासीय और कारखाना परिसर में सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर अंकुश लगाने हेतु एवं इससे पर्यावरण को होने वाले नुकसान के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। आरेडिका की साफ–सफाई और स्वच्छता की तारीफ अभी हाल में दौरे पर आया उ0प्र0 सरकार का मंत्री समूह भी कर चुका है।

स्वच्छता के प्रति ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरुक करने के लिए सोशल मीडिया जैसे– फेसबुक, ट्वीटर, इंस्टाग्राम आदि पर "स्वच्छ भारत ग्रामीण" हेण्डल से हैशटैग चलाया जा रहा हैं इसके माध्यम से स्वच्छता के प्रति लागों को जागरुक करने के लिए प्रचार–प्रसार किया जा रहा है।

स्वच्छता पखवाडा के अर्न्तगत सिविल विभाग द्वारा विभिन्न विभागों के सहयोग से आवासीय परिसर, कॉम्पलेक्स, सभी वर्कशोपों में आने वाले 15 दिनों तक स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाएगें।

16/09/22

(अनिल कुमार श्रीवास्तव)
जन–संपर्क अधिकारी